1.पटकथा ARUNDAS.R HSA HINDI GHS PATTANCHERY

5

बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"
जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?"
"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?"
"हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।"

कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।

6

"ऐसा मत करो", "ऐसे पट-पट मत बोलो", "ऐसे धम-धम मत चलो..." एक दिन गलती से उसने पूछ ही लिया, "क्यों?" तो बस शुरू हो गई, "अरे छोरी, लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे। कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं। ऐसे ही करेगी क्या अपने घर जाकर? गुठली बोली, "अपना घर? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई।"

कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।

7

जैसे-तैसे पूजा-पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। वह ताऊजी के पास जाकर बोली, "देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया?" ताऊजी बोले, "भूला नहीं है रे... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" गुठली, "पर ताऊजी उसमें भइया के छोटे-से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा...।"

कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।

1.पटकथा

ARUNDAS.R HSA HINDI GHS PATTANCHERY

मूल्यांकन संकेत

अंश के आधार पर स्थान, समय, परिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि का संकेत देते हुए उचित संवाद के साथ पटकथा लिखी है।	(4)
उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं।	(3)
उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं।	(2)
पटकथा लिखने का प्रयास किया है।	(1)

- पटकथा की विशेषताएँ क्या - क्या हैं?
- दृश्य का वर्णन किया है?
- समय का ज़िक्र है?
- पात्र का उल्लेख है?
- पात्रानुकूल संवाद है?
- चाल-चलन का उल्लेख है?